# उपचार के दौरान हुई घायल बाघ शावक की मौत

## 19 अप्रैल को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला रेंज से किया गया था रेस्क्यू, 6 माह में हुई शावक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 अप्रैल, महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर में 21 अप्रैल को घायल बाघ शावक की उपचार के दौरान दुखद मौत हो गई.**




इस संबंध में वन मण्डलाधिकारी मैहर विद्याभूषण मिश्रा ने बताया कि घायल बाघ शावक की आयु लगभग 6 माह थी. उसे 19 अप्रैल को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला रेंज में भद्रशिला बीट से रेस्क्यू किया गया था. प्राथमिक उपचार के बाद उसे टाइगर सफारी लाया गया. घायल बाघ शावक के दो पैर गंभीर रूप से चोंटग्रस्त थे. उसके पीठ और पेट में भी कैनाइन दांतों से वार के निशान थे. पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि अत्यधिक घाव तथा अधिक खून बहने से उसकी मौत हुई. टाइगर सफारी के पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा उसका पोस्टमार्टम किया गया. निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार मृत बाघ शावक का शवदाह किया गया. इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक राजेश कुमार राय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# सीएम से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 अप्रैल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीवा प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया.**

राजनिवास सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री जी ने आम लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. रीवा प्रवास के उपरांत मुख्यमंत्री जी रीवा एयरपोर्ट से तमिलनाडु के कोयमबटूर के लिए रवाना हुए.




एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ राज तिवारी, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी को विदाई दी.

# बारात से लौट रही ऑटो पलटी, एक की मौत

## डेढ़ दर्जन घायल, मड़वास थाना क्षेत्र के रामपुर के समीप हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 21 अप्रैल. जिले के मड़वास थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड? हादसा हो गया। बारात से लौट रही एक अनियंत्रित ऑटो वाहन आज दोपहर पलट गई, जिसमें सवार करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए,**

जबकि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है ऑटो में 20 लोग सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार टिकरी के प्रजापति समाज की बारात मझौली से वापस लौट रही थी, तभी मड़वास थाना के समीप रामपुर के पास ऑटो चालक की लापरवाही के चलते वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।



### डेढ़ दर्जन बाराती हुए घायल

घायलों में श्रीनाथ जोगी, लालमन प्रजापति, मनोहर प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, छोटेलाल प्रजापति, छविलाल प्रजापति, राममनोहर प्रजापति, मनबोध प्रजापति, मनबहोर प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, शेषमणि प्रजापति, सोनेलाल प्रजापति, रामकेशव साकेत, श्यामू साहू, रामलखन प्रजापति, खुशी प्रजापति शामिल हैं। इनमें श्रीनाथ जोगी, लालमन प्रजापति को गहरी चोंटे आने से रीवा रेफर किया गया है।

इस दुर्घटना में रामकृपाल प्रजापति पिता बच्चन प्रजापति 60 वर्ष निवासी टिकरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### कलेक्टर ने घायलों से की मुलाकात



मढवास क्षेत्र में हुई दुखद स ?क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए। घायलों में से 2 व्यक्तियों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें रीवा रेफर किया गया है, वहीं 14 घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय सीधी में जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी घायलों को बेहतर एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा आवश्यक दवाइयों, चिकित्सकीय संसाधनों और विशेषज्ञ सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने बहनों के अधिकारों पर डांका डाला : गौर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 अप्रैल, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने में रोड़ा अटकाकर कांग्रेस, सहित विपक्षीदलों ने बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है. कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे. महिलाएं सब कुछ भूल सकती हैं, लेकिन अपना अपमान नहीं भूल सकतीं.**



पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने का बीड़ा उठाया है. विपक्षी दलों के विश्वासघात के खिलाफ देश भर की महिलाओं में आक्रोश है. कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों अधिकारों पर डाका डालने के लिए महिलाएं सबक जरूर सिखाएंगी.

श्रीमती कृष्णा गौराने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से देश की आधी आबादी को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देने का कार्य कर रहे थे. विपक्षी दलों ने महिलाओं के अधिकार देने से रोका है. उन्होंने दशकों से इंतजार कर रही मातृशक्ति को उनके अधिकारों से वंचित करने का पाप किया है. उन्होने कहा कि महिला आरक्षण उनके सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा है. यह कोई राजनीतिक घटना नहीं थी, यह देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने का कार्य किया जा रहा था.

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने संपूर्ण नारी शक्ति का अपमान किया है.पत्रकार वार्ता के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मीडिया विभाग के प्रदेश सदस्य योगेंद्र शुक्ला मौजूद रहे.

# बका लहराकर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 अप्रैल, गुढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर लोगों में भय का माहौल बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर लोहे का धारदार बका लहराकर राहगीरों को डरा रहा है. सूचना मिलते ही थाना गुढ़ पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अदद लोहे का धारदार बका बरामद किया. आरोपी की पहचान अतुल शुक्ला उम्र 26 वर्ष निवासी शुकुलगांव, थाना गुढ़ के रूप में हुई है. आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 107/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(2) में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया.

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी घायल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अप्रैल। जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितावल पुल के पास आज मंगलवार की शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई।**

पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम रेहड़ा निवासी मनीजर बसोर ने बताया कि वह अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण देने ग्राम बरा गया था। इसी दौरान शाम करीब 4 बजे उसे सूचना मिली कि उसके भाई संतोष बसोर का चितावल पुल के पास एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा, जहां देखा कि संतोष बसोर के सिर, गर्दन, दाढ़ी और नाक में गंभीर चोटें आई थीं और खून बह रहा था। संतोष की पत्नी लचिया देवी ने बताया कि वे दोनों मोटरसाइकिल से लोहदा साप्ताहिक बाजार जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गिर गए। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया, जबकि उसकी मोटरसाइकिल एमपी 66 एमएफ 9760 वहीं पड़ी मिली। परिजनों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल संतोष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। लचिया देवी के दाहिने हाथ में चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखवाया गया है।

# सिंगरौली में आधुनिक मत्स्य हैचरी की सौगात

## कलेक्टर की पहल पर एनसीएल प्रशासन एमओयू, 67-57 लाख से बनेगी बीज उत्पादन इकाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अप्रैल। जिले में मत्स्य पालन को नई दिशा देने और नीली क्रांति को गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर गौरव बैनल के प्रयासों से जल संसाधन विभाग एवं एनसीएल के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है, जिसके तहत सीएसआर मद से सिंगरौली में एक आधुनिक मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी इकाई स्थापित की जाएगी।**



यह महत्वाकांक्षी परियोजना सिंगरौली स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में विकसित की जाएगी, जिसका संचालन मत्स्य विभाग द्वारा किया जाएगा। लगभग 67-57 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस इकाई को एक वर्ष के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हैचरी में ब्रीडर पॉन्ड, स्पानिंग पूल, नर्सरी और आधुनिक जल प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले मत्स्य बीज का उत्पादन किया जाएगा। इस हैचरी की स्थापना से जिले के मत्स्य पालन क्षेत्र में व्यापक बदलाव की उम्मीद है। अब स्थानीय मत्स्य पालकों को मछली बीज के लिए अन्य जिलों या राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग से उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होगी, जिससे मछलीपालकों की आय में इजाफा होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादन होने से परिवहन लागत में कमी आएगी और छोटे किसानों को कम कीमत पर बीज उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना से जिले के लगभग 30 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने की संभावना है।

### स्वरोजगार के बढ़ेंगे अवसर

स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही यह पहल पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाएगी। एमओयू हस्ताक्षर के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री संकट मोचन तिवारी, महाप्रबंधक सीएसआर राजीव रंजन तथा सीएसआर प्रबंधक मो. साजिद नसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब माफिया बेलगाम, आबकारी-पुलिस की चुप्पी पर सवाल

## ढाबों से गांव तक अवैध सप्लाई, वीडियो वायरल फिर भी कार्रवाई नहीं

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अप्रैल। जिले में अवैध शराब कारोबार ने विकराल रूप ले लिया है। बैढ़न से लेकर देवसर, करथुआ, सरई और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है, लेकिन जिम्मेदार आबकारी विभाग और पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। आरोप है कि पिछले दो वर्षों से शराब ठेकेदारों पर विभागीय अधिकारियों की मेहरबानी बनी हुई है, जिसके चलते गांव-गांव पैकारी का धंधा बेखौफ जारी है।**



स्थिति यह है कि कई किराना दुकानों में भी देशी और विदेशी शराब खुलेआम बेची जा रही है। देवसर क्षेत्र के ढाबों का हाल भी कुछ अलग नहीं है, जहां बिना किसी रोक-टोक के शराब परोसी जा रही है। बोलेरो और मोटरसाइकिल जैसे वाहनों के जरिए शराब को गांवों तक खपाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। कथित तौर पर कुछ महिलाएं भी शराब की लत का शिकार हो चुकी हैं। नशे की हालत में आए दिन मारपीट और विवाद की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अवैध शराब बिक्री और परिवहन के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बावजूद आबकारी विभाग की नींद नहीं टूट रही है।

पुलिस पर भी संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है। राजस्व बढ़ाने की होड़ में जहां एक ओर सरकार को फायदा दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज का युवा वर्ग बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे रहेंगे और इस अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई होगी।

# सीएम हेल्पलाइन में सिंगरौली पुलिस का दमदार प्रदर्शन

## प्रदेश में द्वितीय स्थान, ए ग्रेडिंग हासिल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अप्रैल। पुलिस ने सीएम हेल्पलाइन 181 के तहत शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। 20 अप्रैल को जारी जिलेवार ग्रेडिंग में जिले को 88.83 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेडिंग प्राप्त हुई। यह उपलब्धि पुलिस की सक्रिय कार्यशैली और शिकायतों के त्वरित समाधान का परिणाम मानी जा रही है।**

माह मार्च के दौरान कुल 1271 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1132 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रत्येक शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी समस्याओं को समझा गया और समयबद्ध तरीके से समाधान किया गया। इससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और संतुष्टि का स्तर बढ़ा है। शिकायतों में जमीनी विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, आपसी लेनदेन और महिला संबंधी मामलों की संख्या अधिक रही। अधिकांश मामलों का समाधान लेवल-1 पर ही कर लिया गया, जबकि शेष शिकायतों को लेवल-2 और लेवल-3 पर निराकृत किया गया। थाना और चौकी स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। कई इकाइयों ने 85 प्रतिशत से अधिक वेटेज स्कोर हासिल किया।

# गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्यों को करें पूर्ण : गौरव

## निर्माणाधीन सिंचाई योजनाओं के प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अप्रैल। जिले में निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।**



कलेक्टर ने सम्बंधित परियोजना के कार्यपालन यंत्री से गोंड सूक्ष्म सिंचाई परियोजना, रिंहद सूक्ष्म सिंचाई परियोजना सहित ढोंगा जलाशय, बेलदार जलाशय में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लाई जाए। कलेक्टर ने कहा की पाइपलाइन के बिछवा कार्य की प्रगति कम है । कम प्रगति देने वाले संविदाकारों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें तथा पाइपलाइन के बिछवा के कार्य में प्रगति लाई जाए।

कलेक्टर ने एक-एक परियोजना में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तार जानकारी ली तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सिंचाई परियोजनाओं के कार्य पूर्ण करें तथा समय सीमा के बैठक में भी चल रहे प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी दिया जाए। वहीं इस आशय के भी निर्देश दिए गए कि जिन परियोजनाओं में भू-अर्जन, फॉरेस्ट क्लियरेंस एवं एनवायरनमेंट क्लियरेंस संबंधित आवयश्कता उपरोक्त प्रक्रियाओं को पूर्ण कर अवगत कराए। बैठक के दौरान जल संसाधन के कार्यपालन यंत्री एसएम तिवारी सहित सहायक यंत्री आदि मौजूद रहे।

# पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति, सद्भावना रथ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

## प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक पहुंचेगा दिव्य रथ, एक वर्ष तक चलेगा जन जागरण अभियान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 21 अप्रैल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्राम्हकुमारी संस्थान रीवा द्वारा संचालित किए जा रहे पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति एवं सद्भावना रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान समाज में प्रेम शांति और भाईचारे की भावना को सशक्त करेगा तथा प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा. प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक भ्रमण करने वाले दिव्य रथ के माध्यम से एकता, प्रेम, सद्भावना व नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा. मुख्यमंत्री ने दिव्य रथ में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के



दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की. राजनिवास सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्राम्हकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पावन और आध्यात्मिक कार्य प्रदेश में विश्व बंधुत्व की भावना जागृत करने में सहायक सिद्ध होगा. उल्लेखनीय है कि ब्राम्हकुमारी संस्थान की भोपाल जोन की डायरेक्टर बीके निर्मला के निर्देशन में जन जागरण अभियान के तहत ज्योतिर्लिंग रथ जिले में महाशिवरात्रि 2027 तक भ्रमण करेगा. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित ब्राम्हकुमारी संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99